हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

06 निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही करने वालों...



09 पीली मटर के आयात पर 30 फीसदी आयात शुल्क लगाने...





## खबर संक्षेप

### आज सभी थानों में होगी एकता दौड़ आयोजित

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर 2025 को प्रदेश के सभी पुलिस थानों में 'एकता दौड़ (Run for Unity)' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है। इस संबंध में विशेष सशस्त्र बल पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में समरसता का संदेश फैलाना है। इस अवसर पर सभी पुलिस थाने स्तर पर 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से 'एकता दौड़' का आयोजन किया जाएगा।

### प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक अपने वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है। यहां आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। इससे कई बार लंबा जाम लग जाता है। हाईवे पर कई बैंक हैं, लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे गुजरने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती।

### बीएसआई मैदान में आज अंडर 15 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

**सीहोर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के अलावा अन्य प्रतियोगिता के लिए अंडर-15 क्रिकेट टीम का चयन होने जा रहा है। इसके लिए शहर के बीएसआई मैदान पर सुबह नौ बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के अनुसार एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने अंडर-15 टीम के लिए चयन समिति का गठन किया है। जिसमें रविन्द्र यादव, अभिषेक परसाई, कमलेश पारोचे, आशीष शर्मा, अमित शर्मा, सुनील जलोदिया, सतीशचंद्र लारा को शामिल किया गया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह नौ बजे आयोजित ट्रायल में सीहोर जिले के आष्टा, नसरुल्लागंज, बुधनी, इछावर, जावर, श्यामपुर, अहमदपुर सहित आस-पास के क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे खिलाड़ी अंडर-15 में आते है वे ही ट्रायल के लिए पात्र होंगे।

### राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष के निर्देश उचित मूल्य राशन दुकान प्रतिदिन खोली जाए

# प्रतिमाह सभी खाद्य पर्चीधारी परिवारों को राशन वितरण करें: वीरेंद्र कुमार





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा ने गुरुवार को नलखेड़ा तहसील में खाद्यान्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों पर खाद्यान्न स्टॉक वितरण व्यवस्था देखी और आंगनबाड़ी एवं स्कूलों का विजिट कर मध्याह्न भोजन व्यवस्था का जायजा लिया।

अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने ग्राम गुदरावन में शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न स्टॉक और वितरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की प्रतिमाह सभी खाद्य पर्चीधारी परिवारों को राशन वितरण करें। जो हितग्राही राशन प्राप्त नहीं कर रहे हैं उन्हें मोबाइल पर सूचना दी जाकर राशन प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एक सेल्समैन दो दुकानों पर राशन वितरण न करें। ऐसी व्यवस्था कही हो तो कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व्यवस्था सुधारे। उचित मूल्य राशन दुकान प्रतिदिन खोली जाए। प्रतिमाह सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की जाए। बैठक में तीन समय अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों की जगह अन्य सदस्य को नामांकित किया जाए। अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने तत्पश्चात गांव के माध्यमिक विद्यालय निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन का वितरण करें। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों से सवाल-जबाव कर शैक्षणिक गुणवत्ता परखी तथा सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि टीएचआर का वितरण समय पर हो और बच्चों को पका हुआ गर्म भोजन मेनू अनुसार दिया जाए। पोषण वाटिका का भी निरीक्षण किया। अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने ग्राम सुईगांव में भी आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्री केएस पेंड्रो जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मालवीय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजीव गुप्ता परियोजना आधिकारी मनीषा चौबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### मां बगुलामुखी के दर्शन किए

राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने नलखेड़ा पहुंचकर मां बगुलामुखी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की ।

### छप्पन भोग और एकासने का उद्यापन होगा

## सर्व सिद्धि दायक माता पद्मावती महापूजन का कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक गतिविधियां तथा तपस्या चल रही है। इसी कड़ी में आज सर्व सिद्धि दायक मां पद्मावती महापूजन कार्यक्रम के साथ पद्मावतीजी के 16 शुक्रवार के चल रहे एकासने का उद्यापन होगा। आराधकों द्वारा पद्मावती माता के समक्ष छप्पन भोग लगाया जाएगा। नलखेड़ा की धन्य धरा पर प.पू.विचक्षण ज्योति प्रज्ञाभारती महामांगलिक प्रदात्री प्रवर्तनी महोदया चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्याए प.पू रत्ननिधि म.सा,प.पू पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज में विभिन्न तपस्याऐं तथा अन्य धार्मिक गतिविधियां बड़े ही उल्लास भाव के साथ चल रही है।

साध्वी मंडल की प्रेरणा से समाज में माता पद्मावती के सामूहिक एकासने प्रति शुक्रवार को हो रहे हैं। जिसमें 80 से अधिक आराधकों द्वारा 16 शुक्रवार के एकासने किए। आज अंतिम शुक्रवार का एकासना व पद्मावती महापूजन लाभार्थी आशीषकुमार, अजयकुमार धर्मचंद सुराणा एवं सुरेशकुमार पुनीतकुमार काठेड परिवार की ओर से रखा गया है। साथ ही पद्मावतीजी के 16 शुक्रवार के चल रहे एकासने का उद्यापन होगा। आराधकों द्वारा पद्मावती माता को छप्पन भोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर पद्मावती आराधकों का विशिष्ट बहुमान लाभार्थी शांतिलाल मनोजकुमार फाफरिया (सराफ) परिवार की ओर से किया जाएगा।

#### दादा गुरुदेव का इकतीसा पाठ

साध्वी मंडल की निश्रा में ज्ञान पंचमी के शुभ दिन से नो दिन तक प्रतिदिन रात्रि - 7:30 बजे से 9:00 बजे तक उपाश्रयजी मे दादा गुरुदेव का इकतीसा पाठ चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन लाभार्थी परिवार की ओर से 3 लक्की ड्रा भी निकाले जाते हैं।

## निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप में 52 छात्राओं के बनाए कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





मध्यप्रदेश शासन एवं परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार तथा कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा गुरुवार को स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जिला परिवहन अधिकारी जया बसावा द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई।

इस अवसर पर कुल 52 छात्राओं के निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा वर्ग में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य जीएल रावल प्राध्यापकगण एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंवला नवमी पर्व पर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ महिलाओं ने की अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में आंवला नवमी का पर्व महिलाओं द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। आंवला के वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आंवले के वृक्ष को कच्चा सूत बांध कर परिक्रमा लगाई एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवला नवमी मनाई जाती है। इस नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है।

गुरुवार को आंवला नवमी पर्व पर महिलाओं द्वारा आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर अपनी मनोकमना पूर्ति हेतु पूजा की गई। पर्व को लेकर महिलाएं सुबह जल्दी स्नान करके आंवले के पेड़ के पास पहुंची जहां उनके द्वारा पेड के आस-पास सफाई करके पेड़ की जड़ में साफ पानी चढ़ाया गया। इसके बाद पेड़ की जड़ में दूध चढ़ाकर उसकी मिट्टी सिर पर लगाकर महिलाओं द्वारा पूजन सामग्रियों से आंवले के पेड की पूजन कर विभिन्न प्रकार की सामग्री भी चढ़ाई। वृक्ष के तने पर कच्चा सूत व मौली 8 परिक्रमा करते हुए लपेट कर पूजन के पश्चात परिवार और संतान की सुख-समृद्धि की कामना की गई। नगर में आंवला वृक्ष की कमी से महिलाओं ने घरों की छतों पर आंवले के पौधे को स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई।

## मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत प्रशिक्षण जारी



**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 4 नवंबर से 7 फरवरी तक होने वाले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में तहसील नलखेड़ा के अंतर्गत 162 मतदान केंद्र के बीएलओ एवं 18 सुपरवाइजर को 4 बेच के माध्यम से प्रशिक्षण स्थानीय शासकीय सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में मास्टर ट्रेनर संदीप परिहार द्वारा दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण बुधवार से प्रारम्भ हुआ है। बुधवार को एक बेच एवं गुरुवार को दो बेच को प्रशिक्षण दिया गया। आज शुक्रवार को अंतिम बेच को प्रशिक्षण दिया जावेगा। इस अवसर पर तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रियंक श्रीवास्तव एवं निर्वाचन शाखा कर्मचारी भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। फाइनल मतदाता सूची का 7 फरवरी 2026 को प्रकाशन होगा।

## संकुल स्तरीय सांसद कप खेल प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





पीएम श्री शासकीय स्कूल धरोला खेल ग्राउंड में संकुल स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता गुरुवार को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्कूल गुजरखेडी गुरुकुल कान्वेंट स्कूल नलखेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल मोल्याखेड़ी यूनिक पब्लिक स्कूल नलखेड़ा एवं सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पीरुलाल कलसिया, मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत एवं समाजसेवी डॉक्टर रमेश पाटीदार थे।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 12 से 16 वर्ष बालिका 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सांदीपनी स्कूल नलखेड़ा की आकृति ने प्रथम स्थान एवं सांदीपनी स्कूल नलखेड़ा की ही साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 12 से 16 वर्षीय बालक दौड़ प्रतियोगिता में आदित्य गायरी यूनिक पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान रोशन कटारिया गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा भव्यराज सिंह गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 17 से 25 वर्ष बालिका दौड़ प्रतियोगिता में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गुजरखेड़ी की मधु यादव ने प्रथम स्थान सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा की रागिनी मालाकार ने द्वितीय स्थान एवं सांदीपनी स्कूल नलखेड़ा की ही वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 25 से 35 वर्ष युवक दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवेंद्र गुर्जर गुरुकुल कान्वेंट स्कूल द्वितीय स्थान राजवीर सिंह गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल तथा तृतीय स्थान सुमित गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल ने प्राप्त किया। 12 से 16 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में यूनिक पब्लिक स्कूल नलखेड़ा की टीम विजेता रही एवं सांदीपनी स्कूल नलखेड़ा की टीम उपविजेता रही। 17 से 25 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल की टीम विजेता रही। 25 से 35 वर्ष युवक क्रिकेट प्रतियोगिता में मां पीतांबरा क्रिकेट क्लब नलखेड़ा की टीम विजेता रही। इस अवसर पर खेल शिक्षक मुकेश पाटीदार रुक्मणी पांचाल दुर्गेश चंदेल अभिषेक शर्मा सुनील सूर्यवंशी तथा गोपाल विश्वकर्मा उपस्थित रहे। संचालन अजय सोगानी ने किया।

### वरिष्ठ नागरिकों के सांकेतिक धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का मिला साथ

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती बोले- प्रशासन की अनदेखी से दुर्घटना का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज में अनियमितताओं को लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती भी शामिल हुए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह मामला जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा हुआ है, जिस पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते इस पर उचित कदम उठाए तो भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। स्थानीय निवासियों की मांग जायज है और स्वीकृत सर्विस रोड का निर्माण तुरंत शुरू होना चाहिए।

#### पांच हजार लोग प्रभावित

सांकेतिक धरना प्रदर्शन में बैठे वरिष्ठजनों ने बताया कि ब्रिज निर्माण से लगभग पांच हजार लोग प्रभावित हैं, जिनमें पं. दीनदयाल नगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर सहित कई कॉलोनियों के निवासी शामिल हैं। नागरिकों ने आरोप लगाए कि मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल द्वारा बनाया गया मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद है। ब्रिज से दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं दी गई है, जबकि एक तरफ से चढने उतरने का खतरनाक मार्ग बनाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि ब्रिज के पास शहर के पांच बड़े स्कूल हैं और ब्रिज को सर्पाकार मोड़ दिया गया है साथ ही पैदल चलने वालों के लिए कोई सीढ़ी मार्ग भी नहीं है। इसे स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।

#### आरटीआई का दिया हवाला

रहवासी कल्याण समिति ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी का हवाला दिया, जिसमें बताया गया है कि लगभग $2.76 करोड़ रुपये की राशि 1700 मीटर सर्विस रोड (चौड़ाई $5.50 मीटर) के लिए स्वीकृत है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने भी मांग की कि स्वीकृत राशि का उपयोग अन्य किसी मद में न हो और तत्काल सर्विस रोड का लेआउट तैयार कर निर्माण शुरू किया जाए।

**खबर संक्षेप**

### खातेगांव विधायक शर्मा की माता का हुआ निधन अंतिम संस्कार आज



देवास। विधानसभा खातेगांव कन्नौद क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला देवी शर्मा का गुरुवार सुबह दिल्ली में निधन हो गया। वे पूर्व विधायक स्व. गोविन्द शर्मा की धर्मपत्नी थीं। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। उनके निधन पर सीएम डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। सुशीला देवी शर्मा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। उन्हें पहले इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर दो दिन पहले उन्हें एयर लिफ्ट कर बेहतर उपचार के लिए एम्स दिल्ली ले जाया गया था।उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और बुधवार को मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।परिजनों अनुसार, सुशीला देवी शर्मा की अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 9:30 बजे कन्नौद स्थित निवास से नेमावर के लिए रवाना होगी।

### आज होगा कवि सम्मेलन

**देवास।** दीपावली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में औदुम्बर ब्राह्मण समाज वरिष्ठ नागरिक मंच के द्वारा शुक्रवार को औदुम्बर महासभा भवन में रात्रि ठीक 7.30 बजे से, हास्य एवं साहित्य से भरपूर कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जिसमे वाह वाह क्या बात फेम कवि पंकज जोशी के संचालन में हजारी हवलदार अरनिया कला, सुनीता पटेल जबलपुर ऋतुराज गुर्जर शाजापुर व अन्य कविगण कविता पाठ करेंगें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक मंच इंदौर के अध्यक्ष जगदीश जोशी एवं वरिष्ठ पत्रकार सतीश जोशी, औदुम्बर महासभा देवास के अध्यक्ष अशोक चौधरी रहेंगें। औदुम्बर ब्राह्मण वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय एवं सचिव महेंद्र दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शहर में सफाई कार्यों को लेकर सख्त हुए निगम आयुक्त कुमार

# निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही करने वालों का वेतन काटने के साथ दिए नोटिस

**स्वास्थ्य निरीक्षकों पर भी की गई कार्रवाई, ई अटेंडेंस पर दिया जोर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा सफाई कार्य व्यवस्थाओं का सतत प्रातः निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर सफाई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जा रहा है। बुधवार को आयुक्त दलीप कुमार द्वारा शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 35, 36, 41, 42, 43 एवं वार्ड 19 का सघन रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड 35 मे रेवाबाग कालोनी, वारसी नगर के स्लाटर हाउस क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड मे जगह जगह सफाई के अभाव मे कचरा पड़ा पाया गया जिस पर इस आयुक्त ने वार्ड के दरोगा मदन पवार को सफाई करवाने बाद निकलने वाले कचरे को उठाने के सख्त निर्देश दिए गए।इसी प्रकार वार्ड 36 पठान कुआ क्षेत्र मे सफाई के बाद कचरे के ढेर पाए गए। साथ ही वार्ड दरोगा द्वारा अपने अधीनस्थ सफाई मित्रों की आधार बैस अटेन्डेंस नही लगाई गई जिस पर दरोगा मांगीलाल पथरोड को नोटिस देने निर्देश दिए गए। वार्ड 41 मुक्ति मार्ग, तोड़ी, बडा बाजार, सिनियर राजबाडा क्षेत्र मे नियमित सफाई कार्य नहीं होने पर भी सख्त निर्देश दिए गए। वार्ड 42 मे शिलनाथ धुनी संस्थान मल्हार मार्ग पर सफाई उपरांत कचरा नहीं उठाने पर एवं ई अटेंडेंस लगाने के पश्चात सफाई कर्मी मौके पर नहीं पाए गए। वार्ड दरोगा को भी कार्य मे लापरवाही पर नोटीस देने के निर्देश निगम प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को दिए गए।

निरीक्षण मे वार्ड 43 मे सुनिल मांगीलाल सफाई कर्मी के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटने। निर्देश दिए गएइसी प्रकार आयुक्त द्वारा गुरूवार को प्रातःकालीन निरीक्षण मे कालोनी क्षेत्रों के वार्ड क्रमांक 20, 21, 24 मे सनसीटी, विकास नगर की सफाई व्यवस्था देखी गई। स्थानीय लोगों द्वारा सार्वजनकि स्थलों पर कचरा फेंकने पर उन्हें चिन्हीत कर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने निर्देश निगम एसआई को दिए गए। वार्ड 21 अनिल श्री नगर, गंगा नगर, बजरंग नगर मे सफाई मित्रों की मौके पर उपस्थिति की जांच की गई। जो कर्मचारी कार्य पर नहीं आ रहें हैं तथा उपस्थिति लगाने के उपरांत भी कार्य नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देश जारी किये गये।

आयुक ने दरोगा एवं स्वच्छता निरीक्षक से मौके पर जाकर कचरा संग्रहण वाहनों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिन वार्डो मे कचरे के ढेर पाए गए थे उन्हें आयुक्त के निर्देश पर समाप्त किया जा रहा है। आयुक्त के द्वारा प्रातःकालीन निरीक्षण के दौरान वार्ड 21, 24, 30 एवं 33 के स्वच्छता निरीक्षक एवं प्रभारी दरोगाओं को कार्य पर लापवाही करने के कारण चेतावनी पत्र एवं कारण बताओ सूचना पत्र दिये गये। वार्ड 21,24 मे गुरूवार 30 अक्टुबर को निरीक्षण के दौरान वार्डो मे कचरे के ढेर पाये जाने पर निरीक्षण के दौरान कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने के कारण प्र. स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। साथ ही 30 एवं 33 के दरोगा अनिल डागर, नितेश सांगते को गत दिनों अपने अपने वार्डो मे सफाई कार्य के प्रति लापरवाही करने पर पूर्व मे जारी



कारण बताओ सूचना पत्र के जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं देने पर इन दोनों दरोगाओं के 3—3 दिवसों के वेतन काटने की कार्यवाही की गई। इन दरोगाओं को भविष्य में कार्य के प्रति लापवाही पर सख्ती की चेतावनी पत्र भी सौंपे गए।

# गेहूं चोरी करने वाले गिरोह का फरार आरोपी गिरफ्तार

**थाना औद्योगिक क्षेत्र ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बीते शनिवार को फरियादी दीपक ने रिपोर्ट किया कि मै मेरे ट्रक क्रमांक एमपी09एचजी 3066 मे 23 अक्टूबर को जावरा वेयर हाउस से गेहूँ के 480 कट्टे भरकर संघवी फैक्ट्री देवास आया था । 24 अक्टूबर को रात करीबन 02 बजे मे संघवी फैक्ट्री के सामने पहुंचा व कतार मे ट्रक खड़ा कर मैने फैक्ट्री मे माल खाली करने के लिये नम्बर लगाया था व सो गया था सुबह जब मैने उठकर देखा तो मैरे ट्रक मे से गेहुं के कट्टे कम थे व गेहूँ बिखरे पड़े हुये थे जब मैन कम्पन्नी मे ट्रक खाली किया तो 13 कट्टे गेहुँ के कम निकले। रात्रि मे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण कि गंभीरता व क्षैत्र मे बढ़ते हुये चोरी के अपराधो को देखते हुये एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा उक्त चोरी करने वाले अज्ञात आरोपियो कि शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए गए जिस पर थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया को निर्देशित कर एक टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय किये जिसके माध्यम से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने सोमवार को आरोपी आकाश उर्फ खोटा पिता विष्णु पटेल उम्र 23 साल निवासी म.नं. 10, गली नं. 06, चौक के पास, संजयनगर देवास, निलेश उर्फ गोल्टा पिता सत्यनारायण मालवीय उम्र 25 साल निवासी गणेश मंदिर के पास, संजयनगर देवास, हेमंत उर्फ इक्का पिता परसराम प्रजापति उम्र 23 साल निवासी म.नं. 306, शिव मंदिर के सामने, संजयनगर देवास तथा 03 नाबालिग आरोपी सहीत कुल 06 आरोपी/बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 बोरी टाट वाली जिसमें गेहूँ भरे हुये वजनी करीबन 6 ½ क्विंटल गेहूँ किमती करीबन 27,000 रुपये तथा घटना मे प्रयुक्त इलेक्ट्रीक आटो जिसका चेचिस किमती करीबन 05 लाख रुपये कुल मश्रुका 5,27,000/- रुपये का बरामद किया गया। उक्त अपराध में 05 दिनों से फरार चल रहे आरोपी करण पिता गणेश शर्मा उम्र 20 साल निवासी म.नं. 85/01 वार्ड नं. 16 संजयनगर जिला देवास को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,उनि गणेशराम बामनिया, आर अजय जाट, लक्ष्मीकांत शर्मा की भूमिका रही।

### फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या, मायके पक्ष ने लगाए ससुरालीजनों पर कई गंभीर आरोप

**देवास।** शहर नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र स्थित रेवाबाग में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को जिला अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। महिला शहर की एक निजी कंपनी में कार्यरत थी। रेवाबाग निवासी 35 वर्षीय चंदा पति अर्जुन पांचाल ने बुधवार शाम अपने घर पर फांसी लगाई थी। परिजनों ने बताया कि घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। मायके पक्ष का आरोप है कि बेटी के साथ अनहोनी हुई है। आरोपियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से चंदा और उसके पति अर्जुन एक ही मकान में अलग-अलग रह रहे थे। उनके बीच पारिवारिक विवाद भी होता था। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि चंदा के साथ कोई अनहोनी हुई है। उन्होंने इस मामले में गहन जांच की मांग की है। बताया जा रहा है कि उसके ससुर का हाल ही में कुछ दिनों पहले निधन हुआ था। नाहर दरवाजा पुलिस ने घटना को संज्ञान में लेते हुए मर्ग कायम किया है और मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक के निर्देशन में देवास जिले में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर ने की, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों से एनएमएस एवं एनएमए मौजूद रहे।बैठक में डॉ. कोतकर ने विगत माह की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कुष्ठ रोग की पहचान, उपचार और जनजागरूकता गतिविधियों के संचालन की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा किकुष्ठ रोग



की समय पर पहचान और समुचित उपचार ही इसकी रोकथाम की कुंजी है। हमें समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर हर संभावित रोगी तक पहुंचना होगा।उन्होंने कर्मचारियों को उपलब्धि बढ़ाने के लिए विशेष निर्देश दिए एवं कहा कि घर-घर जाकर संभावित मामलों की पहचान करें। स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित जांच शिविर आयोजित करें। स्कूलों और पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम चलायें। रिपोर्टिंग और फॉलोअप की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनायें। अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तुत कर समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करें। बैठक को जिला विस्तार एवं मध्यम अधिकारी श्रुति गौर तोमर एवं पीएमडब्ल्यू जयश्री सिंह ने भी संबोधित किया।

# ग्राम पंचायत कुलाला में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ग्राम कुलाला में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की टंकी एवं पंचायत द्वारा किए गए विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय, नगरी विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राजेश सोनकर विधायक सोनकच्छ, विशेष अतिथि रायसिंह सेंधव जिला अध्यक्ष भाजपा, लीला बाई भेरूलाल अटारिया, अध्यक्ष जिला पंचायत देवास, गौतमसिंह



राजपूत जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मदन सिंह धाकड़ उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सोनकच्छ, जितेंद्र यादव सदस्य जनपद पंचायत सोनकच्छ, टीना अनिल चावला मंडल अध्यक्ष, तेज सिंह यादव सरपंच, अर्जुन यादव उप सरपंच का विधायक डॉ.राजेश सोनकर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुलाला द्वारा बनाए गए मंच पर सरपंच तेज यादव मित्रमंडल द्वारा स्वागत कर पुष्पमाला पहना कर अभिनंदन किया गया एवं ग्राम पंचायत द्वारा शहीद स्मारक से देव महाराज डेरा तक सीसी रोड और बड़ी नाली- निर्माण करने हेतु मांग पत्र दिया गया। मंत्री बुधवार को सोनकच्छ विधानसभा में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करने पहुंचे थे। जहां उनका भौरासा फाटे सहित ग्राम कुलाला मे स्वागत हुआ। ग्राम कुलाला में सरपंच तेज यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सरपंच यादव द्वारा मंत्री विजयवर्गीय को दुपट्टा पहनाकर व कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में कमलापुर मंडल में निकला पथ संचलन, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर

संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में कमलापुर मंडल का पथ संचलन बुधवार कोकमलापुर में स्थानीय जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर से निकाला गया,जिसमें आसपास के गांव के सैकड़ो स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

संचालन से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कारवाहक धर्मेंद्र सिंह सेंधव ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। 100 वर्षों के दौरान राष्ट्र निर्माण में लाखों स्वयंसेवक लगे हुए है। राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ ने भारत की आजादी के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, भारत चीन युद्ध के समय भारत की सेना के साथ सहयोग किया। जब भी देश में बाढ़ भूकंप कोई भी प्राकृतिक आपदा होती है तो संघ के स्वयंसेवक सेवा कार्य में लग जाते हैं। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पांच परिवर्तनों के माध्यम से संघ और समाज को समरस करने का काम हमको करना है। पांच परिवर्तनों पर पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक अनुशासन, स्वदेशी और राष्ट्रभक्ति जैसे बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंच पर खंड के संचालक श्रीराम नारायण यादव और वरिष्ठ शिक्षक जोशी उपस्थित थे। पूरे कमलापुर नगर में पद संचलन का जगह-जगह स्वागत हुआ और घोष की ताल पर कदमताल करते हुए स्वयंसेवक कमलापुर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः जागेश्वर धाम पर पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख राजेश पटेल, जिला बौद्धिक प्रमुख विजय सोलंकी, खंड सह कार्यवाहक अनिल पाटीदार, वैभव सहित कमलापुर नगर के कई वरिष्ठ जन उपस्थित थे। जानकारी मंडल कार्यवाहक गणेश यादव ने दी।

### सृजन अभियान को लेकर पर्यवेक्षक ठाकुर ने अध्यक्ष पद के लिए की रायशुमारी

# शहर कांग्रेस से चार और ग्रामीण कांग्रेस से तीन ने की दावेदारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान को लेकर मंगलवार को कांग्रेस की पर्यवेक्षक गुलाब बाई ठाकुर ने जवाहर चौक स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय में आकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद हेतु महिलाओं से रायशुमारी की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिस तरह कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत नए लोगों का अवसर दिया गया है उसी तरह से महिला कांग्रेस में भी सक्रिय महिलाओं को अवसर दिया जाएगा। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की मंशा है की महिलाओं को अधिक से अधिक कांग्रेस पार्टी से जोड़कर महिला कांग्रेस को सशक्त बनाया जाए इसी को लेकर मुझे आपके बीच भेजा गया है जो भी नाम आएंगे उन्हें में भोपाल भेज दूंगी।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि देवास शहर में महिला कांग्रेस सशक्त रूप से तैयार हो जो भी अध्यक्ष बने वह अधिक से अधिक अपने साथ महिलाओं को जोड़ कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर काम करें पार्टी को मजबूत बनाएं में आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमेशा आपके साथ एक सहयोगी की तरह खड़ा रहुगा । इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष संगीता यादव, वंदना पांडे ,साधना प्रजापति ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सर्वप्रथम शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना गलोदिया ने पर्यवेक्षक ठाकुर का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद अनीता राठौर, मीना अली वंदना बड़ोदिया आशा मालवीय, सोनिया चौहान, सीता वर्मा, लाली वर्मा, मंजू प्रजापति, दिव्या वर्मा, आशा वर्मा, मनजीत कौर, जानू सिंह, सोनिका चौहान के साथ कांग्रेस नेता रोशन रायकवार, राजेश राठौर, सुजीत सांगते जितेंद्र मोंटू, दिलीप परमार सहित अनेक नेता उपस्थित थे। बैठक के पश्चात महिला नेत्रियों द्वारा अध्यक्ष पद हेतु अपने आवेदन पर्यवेक्षक लीलाबाई ठाकुर को दिए गए।

### शहर से चार ग्रामीण से तीन

सूत्रों की माने तो महिला जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए शहर से वर्तमान अध्यक्ष सहित चार महिलाओं ने आवेदन किए, जिनमें वर्तमान महिला अध्यक्ष रीना गालोंदिया, साधना प्रजापति, वंदना पांडे और कविता सोनी के नाम शामिल है।वही जिला ग्रामीण महिला अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष संगीता यादव के साथ प्रमिला सिरमौट, कृति यादव ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है।

# भौरासा थाना प्रभारी कटारे सहित स्टाफ को एसपी ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, उमेश सिंह भदौरिया, अभिषेक पांडे, जितेंद्र सिंह तोमर सहित भौरासा थाने के पुलिस जवानों को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया।

दरअसल पिछले दिनों छतरपुर के एक सर्राफा व्यापारी का 1. 25 करोड़ रुपए की धनराशि का बैग चोरी होने की घटना सोनकच्छ थाने में दर्ज हुई थी जिसके बाद 24 घंटे में ना सिर्फ आरोपियों को चिन्हित किया बल्कि धार जिले के दुर्गम क्षेत्र में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई राशि भी बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। पुलिस अधीक्षक गेहलोत ने प्रशंसा पत्र प्रदान करते हुए भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे व भौरासा थाना पुलिस जवानों की अथक मेहनत ओर पेशेवर कार्य प्रणाली पर प्रशंसा व्यक्त की है।

## खबर संक्षेप

### पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**विदिशा।** शासकीय कन्या मिडिल स्कूल में लायंस बेतवा क्लब द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम हम सब एक हैं रही। कार्यक्रम का शुभारंभ रीजन चेयरपर्सन लायन मुदित बंसल, जोन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी , लायन संध्या सिलाकारी एवं क्लब अध्यक्ष लायन सीमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक लायन अंजू मित्तल ने प्रतियोगिता के नियम बताए और छात्राओं को प्रोत्साहित किया। गत वर्ष की विजेता श्वेता अहिरवार सहित तीन छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख सुषमा जी को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष नवनीता पांडेय और डॉ. आरती शर्मा का विशेष सहयोग रहा। प्रतिभागी छात्राओं को शीट एवं कलर बॉक्स वितरित किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा सहयोग के लिए क्लब ने आभार व्यक्त किया।

### जरूरतमंद को रक्तदान किया

**विदिशा।** पूरनपुरा निवासी लालाराम भूरिया को ए प्लस रक्त की आवश्यकता होने पर अतिशय सराफ पुत्र चिपिन सराफ ने मानवता का परिचय देते हुए चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान किया। इस कार्य में विदिशा ब्लड बैंक के पवन सोनी, संतोष शुक्ला, संजय सोलंकी एवं विश्वकर्मा जी का विशेष सहयोग रहा। भारत भारती संस्कार जैन मंडल की प्रमुख नीता सराफ ने रक्तदाता अतिशय सराफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता करते हैं।

### तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई

**विदिशा।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के सुचारू रूप क्रियान्वयन के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को तंबाकू से शरीर पर होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया गया और तंबाकू निषेध की शपथ भी दिलाई गई। शपथ का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र अहमदपुर में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में उपस्वास्थ केंद्र कुआखेड़ी एवं शहरी स्वास्थ केंद्र करैया खेड़ा में किया गया था।

### खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया

**विदिशा।** विदिशा तहसीलदार प्रीति पंथी ने डबल लॉक से संचालित खाद वितरण व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद वितरण की प्रक्रिया देखी।

## किसानों व व्यापारियों को मिलेगा लाभ, केंद्रीय कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# पीली मटर के आयात पर 30 फीसदी आयात शुल्क लगाने से व्यापारी खुश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 29 अक्टूबर को पीली मटर आयात करने पर लगाये गये 30 फीसदी आयात शुल्क के निर्णय का उद्यमियों एवं व्यापारियों ने स्वागत कर भारत सरकार का आभार जताया। देश के उद्यमियों एवं बुंदेलखंड दाल मिल एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पास आने को बाहर जाकर प्रतिवेदन दिया और उनसे कहा कि आयात शुल्क 0 प्रतिशत होने के कारण देश के किसानों को पीली मटर की उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। देश के गल्ला व्यापारी एवं उद्यमियों को विदेश से पीली मटर का भारी आयात होने के कारण भारी नुकसान हो रहा है, जिस देश का उद्यमी एवं किसान बर्बाद हो रहा है। उद्यमी एवं व्यापारी करोड़ों रुपए के भारी नुकसान को बहन कर रहा है और उसकी कमर टूट गई है। अतः उसे बचाने के लिए बुंदेलखंड अध्यक्ष राजेंद्र जैन द्वारा अथक प्रयास किए गए और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने देश के किसानों एवं उद्यमियों के दर्द को समझा और उन्होंने भारत सरकार से पीली मटर के आयात पर जो अभी तक 0 प्रतिशत की श्रेणी में था उसे पर वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 29 अक्टूबर को एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर उसे पर 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जिस देश में आयात शुल्क में भारी कमी आएगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य भी प्राप्त होगा और उद्यमी और गल्ला व्यापारी बर्बादी से बचेगा। पीली मटर के आयात पर 0 प्रतिशत शुल्क वर्ष 2023 में लगा था जो अब 1 नवंबर 2025 से 30 प्रतिशत की श्रेणी में आयात शुल्क लगेगा। उल्लेखनीय है कि राजेंद्र जैन ने 13 फरवरी 2025 को भारत दलहन सेमिनार 2025 भारत मंडपम नई दिल्ली में जिसमें 10 देशों के मंत्री गण बड़े-बड़े बिजनेस टायकून के समक्ष कॉन्फ्रेंस को इस गंभीर समस्या को रखा था जिस पर लगातार भारत सरकार विचार कर रही थी। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक अनौरा, मुकेश जैन, संजीव कप्तान, अनिल जैन, नितेश जैन, रामस्वरूप साहू, पार्षद आलोक जैन मयूर, राजीव जैन, हेमंत जैन, उपेंद्र जैन, अविनाश जैन, टोनू मोदी, अमन जैन, देवेंद्र, राजवीर सिंह, राहुल अनौरा, अमित जैन, मनीष जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### व्यापारी बंधु ने बैठक में उठाई समस्याएं



*जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में विभिन्न व्यापार मण्डलों के द्वारा समस्याओं को उठाया गया, जिस पर एडीएम ने व्यापार मण्डल द्वारा उठायी गयी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता जल संस्थान के स्वयं उपस्थित न होने एवं मनीष सडैया के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही न करने पर उनका वेतन रोकने के आदेश दिये गये एवं जिन अधिकारियों के द्वारा पूर्व में प्रेषित कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या उपलब्ध न कराने वालें विभागों के अधिकारियों के स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये गये। एडीएम ने विधुत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये गये दैनिक समाचार पत्रों में प्रीपेड मीटर एंव मोबाइल नम्बर अपडेट कराने हेतु विज्ञप्ति निकलवाने के निर्देश दिये गये। बैठक में सहायक आयुक्त आशीष शर्मा, राज्य कर अधिकारी तेजप्रताप सिंह, डीआईओ, प्रधान सहायक मनीष कुमार, प्रान्तीय चेयरमेन महेन्द्र जैन मयूर, सुरेश जैन, अनिल जैन, अजित कुमार जैन अज्जू बाबा सहित अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।*

## लोगों ने सौंपा शिकायती पत्र

# बार में दुकानों के निर्माण का मामला मंडलायुक्त तक पहुंचा

### मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बानपुर मार्ग स्थित विकास खंड बार परिसर में बेशकीमती सरकारी जमीन पर नियमों का उल्लंघन कर बीस दुकानों के निर्माण को अवैध बताते हुये भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप ब्लाक प्रमुख पर लगाया गया है। इस सम्बन्ध में गत दिवस ग्रामीणों ने लामबंद होकर डीएम को शिकायती पत्र दिया था। लेकिन तीस अक्टूबर गुरूवार को झांसी मण्डल आयुक्त कार्यालय पहुंच कर शिकायती पत्र सौंपा है। ज्ञापन में ब्लाक प्रमुख पर करोड़ों रुपये के घोटाले किये जाने का आरोप लगाते हुये जांच कराये जाने की मांग उठायी गयी है। ज्ञापन में बताया कि विकास खण्ड बार परिसर में बार-बानपुर रोड किनारे करोड़ों की बेशकीमती जमीन पर पंचायती राज एक्ट 1961 एवं शासन के निर्देशानुसार क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत द्वारा दुकानें भवन आदि का निर्माण शासन की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। आरोप है कि ब्लाक प्रमुख ने सारे नियमों को ताक पर रखकर पांच लाख रुपये प्रति दुकान के हिसाब से लोगों से वसूल कर यहां अवैध तरीके से दुकानों का निर्माण करा दिया है, जिससे शासन को राजस्व की क्षति पहुंची है। इस मामले में जब विकास खण्ड बार के अधिकारी से ग्रामीणों ने सम्पर्क किया तो खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र पंचायत में इस प्रकार का कोई प्रस्ताव न तो डाला गया है और ना ही ऐसे किसी प्रस्ताव को लेकर शासन से अनुमति प्राप्त हुयी है। आरोप है कि ब्लाक प्रमुख ने मनमानी के चलते इस प्रकार का अवैध निर्माण कराया है। ग्रामीणों ने मण्डल आयुक्त से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। शिकायती पत्र देते समय विक्रम सिंह, आनंद मिश्रा, अजय, गौरव दुबे, राजा मोदी, धर्मेंद्र कुमार एड., रामजीवन प्रजापति, अंकित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक नीति के तहत स्थानांतरण

# तीन दर्जन लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदले गए, अब तक के सबसे ज्यादा तबादले

**ललितपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व परिषद आयुक्त व सचिव के आदेश का हवाला देते हुये वार्षिक स्थानान्तरण नीति के तहत उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार ने तीन दर्जन लेखपालों के कार्यक्षेत्र में व्यापक बदलाव किया है।

तहसीलदार सदर के दस्तखत से जारी सूची के अनुसार अभिषेक तिवारी को खितवांस से सतगता, मनीष कुमार को चढ़रऊ से अड़वाहा, सोमिल गुप्ता को पटसेमरा से घिसौली, शरद पाठक को तालगांव से सांकरवारकलां, सूर्य प्रताप सिंह को खजुरिया से मैनवारा, अभिषेक चतुर्वेदी को टेंनगा से भैलवारा, हर्षित अग्रवाल को सतरवांस से करगन, सूर्यान्श पस्तोर को कल्यानपुरा से गनगौरा, शशांक पस्तोर को झरकौन से तालगांव, जितेन्द्र कुमार यादव को जिजयावन से टीकरा तिवारी, दीपेन्द्र राजपूत को अनौरा से नौहरकलां, देवेन्द्र झां को धोवनखेरी से बरौदा स्वामी, ईशान खान को खिरिया छतारा से रजवारा, सौरभ गौतम को भौंरदा से अंधियारी, दीपक गौतम को मैलवाराकलां से अनौरा, राकेश कुमार साध्य को अंधियारी से ननौरा, अजय प्रताप सिंह को कुंआतला से नदनवारा, दीनदयाल मिश्रा को मसौरा खुर्द से नदनवारा, अंकित कुमार रावत को रोंडा से ललितपुर (ब), रविकान्त को ललितपुर से मसौराकलां, तनुज जैन को देवगढ़ से धौर्रा, संतोष कुमार सचान को दावनी से बिरधा, निशा चिड़ार को बम्हौरीकलां से भरतपुरा, विश्वविजय सिंह को पटौराखुर्द से भरतपुरा, रिजवान खान को अड़वाहा से नयागांव, विक्रम सिंह निरंजन को करगन से जमुनियां, हनी खांन को गनगौरा से झरकौन, शिवकुमारी को नदनवारा से घटवार, अमित कुमार श्रीवास्तव को जाखलौन से घटवार, संजीव कुमार मिश्रा को सतगता से बम्हौरीकलां, राजेश कुमार शर्मा को सांकरवारकलां से बजर्रा, विपुल कुमार तिवारी को मड़वारी से टौरिया, अरूण कुमार प्रजापति को बरौदा स्वामी से लागौन, संदीप कुमार को भैंसाई से देवरी, उत्कर्ष नामदेव को देवरी से किसलवांस, आकाश अग्रवाल को तहसील तालबेहट से बख्तर भेजा गया है।

## मांगः परिवहन व पुलिस विभाग संयुक्त रूप से चलाए चेकिंग अभियान

# ललितपुर जाखलौन मार्ग पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हो कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाखलौन (ललितपुर)

इन दिनों ललितपुर-जाखलौन मार्ग पर बिना वैध कागजातों के अवैध वाहन फर्राटे भर रहे हैं जिससे उक्त अवैध वाहनों की भरमार के चलते आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं घटित हो रही है। ललितपुर जाखलौन मार्ग पर पिछले दो-तीन महीना से लगातार भयंकर भीषण दुर्घटनाएं घटित होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

कारण यह है कि इस मार्ग पर फर्राटे भरने वाले तीन पहिया और दो पहिया वाहन चालक विना वैध कागजातों विना ड्राइविंग लाइसेंस और विना प्रशिक्षण के उल्टे सीधे वाहन चलाते हैं यही नहीं अधिकांश वाहन चालक शराब के नशे मे वाहन चलाते हैं और भीषण दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग को मिलकर अभियान चलाना चाहिए और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए तभी आए दिन घटित हो रही वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगना सम्भव हो सकता है। मालूम हो कि अधिकांश पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली करने के मामले सामने आते हैं जिसके चलते पुलिस चेकिंग पर सवालिया निशान खड़े होते रहते हैं ऐसी स्थिति में परिवहन विभाग के एआरटीओ और पुलिस विभाग के पुलिस दरोगाओं द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर अवैध डग्गामार वाहनों और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरोध सप्ताह में कमसे कम एक दिन विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए यदि परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सप्ताह में एक दिन जनपद के प्रत्येक मार्ग पर वाहन चेकिंग करना शुरू किया जाता है तो आने वाले दिनों में आए दिन घट रही वाहन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है इसीलिए क्षेत्रीय लोगों ने जनपद के लोकप्रिय जिलाधिकारी से मांग करते हुए अपेक्षा की है कि उनके निर्देशन में परिवहन विभाग के एआरटीओ और पुलिस विभाग के पुलिसकर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान सप्ताह में एक दिन प्रत्येक मार्ग पर चलाए जाने का आदेश संबंधित विभागों को जारी किया जावे ताकि जनपद में आए दिन घटित हो रही वाहन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।

## केपीएसपीजी कॉलेज में आयोजन

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर प्रतियोगिता हुई



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर लौह संकल्प-अखण्ड एकता पर्व के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरदार पटेल को लौह पुरूष इसलिये कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने दृढ़ संकल्प और मजबूत नेतृत्व से आजादी के बाद 500 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में सफलता पूर्वक एकीकृत किया। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल के अटूट प्रयासों और राजनैतिक इच्छा शक्ति के कारण ही भारत एक एकीकृत राष्ट्र बन सका। आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में भारत के विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में धीरज चौहान प्रथम, कुलदीप द्वितीय एवं कन्हैया तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में हीतेश प्रथम, आकांक्षा द्वितीय एवं धीरज चौहान तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्रवक्ता जगतराज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यकम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ० धनीराम राजपूत रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

# घात लगाकर युवक पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वंशीपुरा निवासी अभिषेक पुत्र संजय कोरी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 26 अक्टूबर को रात करीब 10.10 बजे वह अपने मामा के घर से अपने घर जा रहा था। तभी उनके मामा उसे लच्छी के डिब्बा तक छोडने के लिए आये थे। बताया कि मामा का पड़ौसी 4-5 अज्ञात लोगों के साथ घात लगाये बैठे थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने महिलाओं सहित आकर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बताया कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे थे। आरोप है कि उनकी नानी से भी मारपीट की गयी, और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

थाना नाराहट अंतर्गत रहने वाले गोपी पुत्र बारेलाल अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 28 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के सामने बैठा हुआ था। तभी ग्राम सतौरा निवासी शीतल पुत्र गोविन्दी व गोविन्दी पुत्र बारेलाल एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि शोरगुल सुनकर जब पड़ोसी आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# किसानों को गेहूं-चने के बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय करैयाखेड़ा रोड में बुधवार को रबी बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी तथा जिला कृषि सभापति धनराज सिंह सहित विदिशा ब्लॉक की कृषि स्थाई समिति के समस्त जनपद सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को गेहूं एवं चने का बीज तथा फसल में उपयोग होने वाली दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने किसानों से कहा कि भारत सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है। इस योजना के अंतर्गत



किसान कृषि विभाग से बीज प्राप्त कर इन बीजों से आगामी वर्ष के लिए स्वयं का बीज तैयार कर आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही उन्होंने किसानों को विभिन्न अनुदान आधारित योजनाओं की जानकारी भी दी जिससे वे नई तकनीकों और संसाधनों का अधिकतम लाभ उठा सकें।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज जनपद में होंगे कार्यक्रम

# प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, रन फॉर यूनिटी दौड़ का होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा, इसकी व्यापक तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, प्र जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रसून गुवरेले, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिये कि लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती का आयोजन पूरी भव्यता और गरिमा के साथ होना चाहिए, इसमें कोई कमी नहीं रहनी चाहिए, प्रत्येक अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करेंगे।

### शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी से होगी

बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी से होगी। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे सरदार पटेल के जीवन, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता विषय पर स्लोगन लेखन कार्यक्रम समस्त विद्यालयों में आयोजित किये जायेंगे। 10 बजे जनपद के समस्त कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं शहर में स्थापित सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात 11 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ कलैक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश द्वारा सभी को दिलायी जाएगी और 11:15 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन कलैक्ट्रेट प्रवेश द्वार से प्रारंभ की जाएगी, जो तुवन मंदिर चौराहे होते हुए वर्णी चौराहे, पुलिस लाइन होते हुए कलैक्ट्रेट पर समाप्त होगी। इस दौड़ में प्रशासनिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिक सहभागिता करेंगे।

### सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम होंगे

इसके साथ ही सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की श्रंखला में 12 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश द्वारा मरीजों को फल वितरण किया जाएगा, वहीं 1 बजे वृद्धाश्रम, ललितपुर में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। सांस्कृतिक एवं विचार विमर्श कार्यक्रमों के अंतर्गत सायं 4:30 बजे राजकीय इण्टर कॉलेज में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर विचार गोष्ठी एवं सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके पश्चात सायं 6 बजे सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर आधारित फिल्म शो का प्रदर्शन किया जाएगा। सरदार पटेल जयन्ती के अवसर पर आयोजित इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य देश की एकता, अखण्डता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना है।

### अधिकारियों के आश्वासन और नियमित सप्लाय के बाद खुला जाम

# बिजली आपूर्ति ठप! किसानों ने प्रदर्शन कर चक्काजाम किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सिरोंज हाइवे पर बिजली समस्या से जूझ रहे किसानों ने विद्युत वितरण कंपनी के विरोध में एक घंटे से अधिक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। सिलपटी ग्रिड पर किए गए इस जाम में एक दर्जन से अधिक प्रभावित गांवों के किसानों ने भाग लिया।

गिंदौरहाट पीपलिया व आसपास के गांवों के किसानों ने बताया कि हमें फसल के समय पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है जिसके चलते हमारी फसल खराब हो रही हैं परंतु बिजली विभाग मूकदर्शक बना बैठा है। इसी को लेकर हमने यह चक्का जाम किया है। वहीं राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार ने भी किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की जनता व किसानों के साथ दुव्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राज्यमंत्री पंवार ने ली बिजली विभाग की समीक्षा बैठक, कहा जनता के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं



### आपूर्ति जल्दी बहाल करने की बात कही

बिजली विभाग के सहायक अभियंता मरदीप साहू ने मौके पर पहुंचकर व किसानों को आश्वासन देकर जाम खत्म करवाया। साथ ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने प्रभावित गांवों की आपूर्ति जल्दी बहाल करने की बात कही जिससे किसान संतुष्ट हुए और जाम खत्म हुआ।

### *खेती-किसानी के कार्यों में बिजली की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए : पंवार*

*मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बुधवार को बिजली विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री पंवार ने कहा कि जनता हमारी प्राथमिकता है, उसके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को एकीकृत और सुव्यवस्थित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में अलग-अलग डिवीजनों के कारण उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों की समस्याओं पर चिंता जताते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों में बिजली की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। आने वाले दो महीनों में किसानों को बिजली की कमी से कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस बैठक में महाप्रबंधक खरे , उप महाप्रबंधक प्रहलाद क्षेत्रे सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

### *मानवीय समाधान के आधार पर हो विजलेंस कार्रवाई*

*मंत्री पंवार ने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है, तो केवल उसी क्षेत्र की बिजली काटी जाए, न कि पूरे इलाके की। यह गलत प्रथा है कि एक जगह काम चल रहा हो और कटौती पूरे क्षेत्र में कर दी जाए, इससे आम उपभोक्ता परेशान होते हैं। मंत्री पंवार ने विजिलेंस कार्रवाई को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि विजिलेंस के नाम पर आम उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। यदि किसी मामले में संदेह है तो पहले उसका मानवीय समाधान निकाला जाए।*

### स्मैक मामले से जुड़े केस में 2019 से चल रहा था फरार

# छह साल से पुलिस को छका रहा वारंटी अंततः गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

साल 2019 में स्मैक के अवैध परिवहन मामले से जुड़े केस में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को पुलिस टीम ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। बीते छह सालों में आरोपी यहां-वहां फरारी काटते हुए पुलिस से बचने के प्रयासों में लगा था। गिरफ्तार आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ था।




### *क्या था पूरा मामला*

*24 मार्च 2019 को राजस्थान परिवहन निगम की बस में रखे एक संदेहास्पद बैग को बस कंडक्टर ने कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया था। इस बैग की तलाशी लेने पर उसमें से अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखी हुई पाई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच की तो मालूम हुआ कि इस बैग को बस में कमल लोधा निवासी पीड़लीखेड़ा थाना घाटोली राजस्थान एवं बालू सौंधिया निवासी ग्राम बाल्दा थाना पिड़ावा जिला झालावाड़ ने रखा था और फरार हो गए थे। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जब जब्त स्मैक के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया था कि यह माल उन्होंने बाल्दा थाना पिड़ावा निवासी नारायण सिंह पिता मांगीलाल सौंधिया से खरीदा था। पुलिस ने उस समय नारायण सिंह पर भी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और तभी से आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। विगत दिनों मुखबिर की सूचना, तकनीकी विश्लेषण एवं सीडीआर लोकेशन के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे नारायण सिंह को उसी के गांव बाल्दा पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। इस सफलता में कोतवाली थाने के प्रभारी टीआई हरिओम रघुवंशी, उनि प्रवीण जाट, उनि जीतेंद्र अजनारे, अनिल राहोलिया, शादाब खान, जीतेंद्र भिलाला, राजेंद्र मीणा, श्याम वर्मा सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।*

## सामाजिक समरसता आज की आवश्यकता : सुशील व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

श्रीमद्भगवद्गीता और सभी धर्मशास्त्र मनुष्य को जीवन जीने की शैली और सदाचार सिखाते हैं। समाज में सभी बराबर हैं। हमें किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। हम जिन आदर्शों को मानते हैं उन्होंने भी अपने सदाचरणों से हमें यही सिखाया है कि व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में हमें सामाजिक समरसता का ध्यान रखना चाहिए। उक्त विचार गीता स्वाध्याय परिवार के वरिष्ठ संस्कृताचार्य सुशील व्यास 'सारंग' ने कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मण्डल के द्वारा आयोजित गीता स्वाध्याय में मोहल्ला खारिया स्थित श्रीराम मंदिर में रखे।

### बेहतरीन क्रिकेटर के निधन से नगर में शोक की लहर

# पिता की मृत्यु के सवा माह बाद ज्येष्ठ पुत्र का भी निधन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



इसे ईश्वरीय विधान ही कहा जाएगा जो पिता का साया सिर से उठने के लगभग सवा महीने बाद उनके सबसे बड़े पुत्र का भी निधन हो गया। मृतक युवक काफी समय से बीमार था और उसका इलाज इंदौर में चल रहा था। मंगलवार रात्रि इलाज के दौरान युवक की मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार राजगढ़ की कन्या शाला के समीप रहने वाले पेशे से हलवाई जीवनलाल मेवाड़े का गत माह 11 सितंबर को अचानक निधन हो गया था। स्वर्गीय जीवनलाल के ज्येष्ठ पुत्र गोविंदा मेवाड़े ने भी मंगलवार रात्रि इंदौर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक युवक गोविंदा बेहद मिलनसार और बेहतरीन क्रिकेटर था और तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसके निधन का समाचार पहुंचने पर समूचे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को गोविंदा की अंतिम यात्रा में अनेकों लोगों ने शामिल होकर श्रृद्धांजली अर्पित करते हुए ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुख का सहन करने की कामना की।

# नगर के विकास व सौंदर्यकरण कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



**नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित**

नगर पालिका सारंगपुर की परिषद बैठक बुधवार को नगरपालिका सभागृह में अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विभिन्न विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर पड़ाव स्थल निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति दी गई। साथ ही सीएम मॉनिट विशेष निधि से वार्ड क्रमांक 08 में नवीन बस स्टैंड पर सीसी निर्माण तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत वार्ड 8 में सीसी रोड निर्माण सहित लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए।

इसके अतिरिक्त ऑडिटोरियम निर्माण, एचडीआरएफ योजना के तहत नाला निर्माण, कपिलेश्वर घाट पर कपिल मुनि की प्रतिमा एवं स्वागत द्वार निर्माण, घाट सौन्दर्यकरण और पहुंच मार्ग विस्तार कार्यों को भी मंजूरी दी गई। बैठक में गीता भवन एवं स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि चयन कर प्रकरण कलेक्टर राजगढ़ को भेजने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 16, 17, 18 में पेयजल टंकी, श्मशान घाट एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए शासन से अनुदान मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर में अग्निशमन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु नवीन फायर ब्रिगेड खरीदने, नालों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन क्रय करने तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि (सर्वे नं. 1005द1) के आवंटन प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वर्ष 2016 के बाद रखे गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के संबंध में शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जाए। सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची एक सप्ताह में अध्यक्ष को प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया। बैठक के दौरान नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे, एवं सभी निर्वाचित पार्षदगण उपस्थित रहे।

### इंदर चौराहा पर होती है आम लोगों को परेशानी

# नगर के मुख्य मार्ग पर लगता है जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के मुख्य मार्ग पर हमेशा जाम लगा रहता है। आवागमन बाधित होने से लोगों को परेशानियां झेलना पड़ती हैं। बार-बार जाम लगने की स्थिति आखिर क्यों निर्मित होती है इसके पीछे मुख्यतः वजह देखी जाए तो अव्यवस्थित यातायात एवं सड़क के समीप खड़े वाहनों कि रेलमपेल से आवागमन को बाधित होता है। नगर के इंदर चौराहा पर तो इस परेशानी से हमेशा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को परेशानी झेलने पर मजबूर होना पड़ता रहता है। जिसमें हाट बाजार या त्योहार के समय यह परेशानी अपना उग्र रूप ले लेती है ऐसे में अनेकों बार पैदल राहगीर से लेकर वाहन चालकों के बीच आपसी कहा सुनी की नौबत भी आ जाती है। समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन को जागरूक करने का समय समय पर प्रयास किया, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अभी तक किसी भी तरह के कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाना लोगों के लिए परेशानी बना हुआ है।

### कार्यक्रम में सामाजिक गतिविधियों के लिए भी बनाई रूपरेखा

## कलाल समाज ने मनाई आराध्यदेव भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



हैहय कल्चूरी कलाल समाज के आराध्यदेव भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती समाजजनों द्वारा पूजा-अर्चना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। स्थानीय निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरान्त समाजजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु की गौरव गाथा पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही सामाजिक विकास और उत्थान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान समाज के अन्य आगामी आयोजनों एवं गतिविधियों के संबंध में प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर समाज की प्रदेश अध्यक्ष जया जायसवाल, पुष्पा वर्मा, मोहन वर्मा, शोभा वर्मा, जयंत वर्मा, मयंक जायसवाल, कविता जायसवाल, ऊषा जायसवाल, उपेंद्र जायसवाल, जीतेंद्र जायसवाल, अशोक वर्मा सहित बच्चे व अन्य समाजजन उपस्थित थे।

## सरकारी निर्माण में लापरवाही पर विधायक सख्त, नाराजगी जताई



**नरसिंहगढ़।** बुधवार को जनपद सभाकक्ष में हुई समीक्षा बैठक में विधायक मोहन शर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में मिल रही लगातार गड़बड़ियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई और अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनता तक पहुंचे यह सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण में कोटरा, पीलूखेड़ी, बोड़ा आदि स्थानों पर घटिया काम की शिकायतों पर विधायक ने उच्च स्तर पर शिकायत करने की बात कही। वहीं सिंचाई विभाग की सड़क, सेतु निगम के अधूरे ब्रिज और जल जीवन मिशन के कामों में भी लापरवाही सामने आई, जिस पर संबंधित विभागों को सुधार के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगातों का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और ब्यावरा विधानसभा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ब्यावरा विधानसभा को धनतेरस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की ऐतिहासिक सौगात दी गई थी। बुधवार को उसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने गणेश पूजन कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

इस दौरान 2 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले नवीन रेस्ट हाउस तथा 3 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से राजगढ़ बायपास से नवीन अस्पताल, एसडीएम कार्यालय से अहिंसा द्वार तक सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। मंत्री पंवार ने इस अवसर पर कहा कि ब्यावरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यहां प्रतिदिन अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आगंतुक आते हैं। वर्तमान में रेस्ट हाउस में केवल दो सुइट होने से लंबे समय से असुविधा का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अब चार नए सुइट का आधुनिक रेस्ट हाउस बनने जा रहा है, जिससे यहां आगंतुकों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दिलवर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह गुर्जर, रामनारायण दांगी, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, पार्षद विष्णु साहू,मंडल अध्यक्ष राजू यादव, श्याम सिंह चौहान, जयेंद्र गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी, दीपक सामरे, गोपाल बादशाह, दीपकमल शर्मा, दिलीप भार्गव, राधे दांगी, गिरराज लववंशी, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर के मंडल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाइक की डिग्गी से चोरी हुए 1.10 लाख रुपए बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



सिविल लाइन पुलिस ने 13 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने राजगढ़ से दो आरोपियों बंटी और शाहिद को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपए बरामद किए। यह रकम किसान धर्मेंद्र दांगी की बाइक की डिग्गी से चोरी हुई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने एक विशेष टीम बनाई। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिनमें संदिग्धों की गतिविधियां रिकॉर्ड हुईं। इन्हीं फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान की गई। पहचान के बाद पुलिस टीम ने राजगढ़ में छापामारी की, जिसके बाद दोनों आरोपी बंटी और शाहिद को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से चोरी की पूरी रकम 1.10 लाख बरामद कर ली गई। टीआई आरके मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने जांच के लिए एक टीम बनाई, और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ अभी भी जारी हैं।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# नहरों की पाइप लाइनों में तोड़फोड़ करने वाले सीधे जाएंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



मोहनपुरा और कुंडालिया सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं से जिले के विकास में आमूलचूल बदलाव आया है। उक्त परियोजनाओं की बदौलत न केवल जिले से मजदूरों का पलायन रुका है बल्कि पथरीली और बंजरभूमि में भी आज हरियाली नजर आ रही है। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व सिंचाई परियोजनाओं से जुड़ी नहरों की पाइप लाइनों में तोड़फोड़ सहित अन्य तकनीकी सिस्टमों के साथ छेड़छाड़ किया करते हैं। इससे नहरें सुचारू संचालित नहीं हो पाती और अन्य कृषकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बुधवार को जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में पाइप-लाइनों में तोड़फोड़ करने वाले पर कानूनी कार्यवाही करते हुए के निर्देश उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। कलेक्टोरेट सभागार में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में नहरों की पाइप लाइनों से छेड़छाड़ करते हुए सिस्टम को खराब करने वालों को धारा 151 के तहत जेल भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पंवार ने कहा कि जो लोग आदतन लाईनों व वाल्व को तोड़ते हैं उन्हें अभी से नोटिस जारी कर सूचना दें और न मानने पर सीधे वैधानिक कार्यवाही करें।

### *खेतों तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता*

*राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि जिले में पाइप लाइनों का जाल बिछ रहा हैं। किसानों को सिंचाई के लिए पानी देना हमारी सर्वोच्य प्राथमिकता हैं। किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने नवम्बर के प्रथम सप्ताह से नहरें चालू कर दी जाए ताकि कृषकजन समय पर बोवनी कर सकें। साथ ही पार्वती परियोजना व रेसई परियोजना के कार्य की गति बढाने के निर्देश भी इस बैठक में दिए गए।*

## संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में आयोजित कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में तलेन के सभी विद्यालयों की टीम ने भाग लिया। जिसमें नगर के संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल ने कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच जीता। विद्यालय की इस जीत पर सभी ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहन एवं राष्ट्र की खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है।